बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

विज्ञप्ति संख्या : पी०आर०...................../2026

डिप्लोमा इन एलिमेन्ट्री एजुकेशन (डी.एल.एड.) फेस–टू–फेस पाठ्यक्रम के प्रशिक्षण सत्र 2025–27 में नियमानुसार वैध नामांकित विद्यार्थियों का ऑनलाइन पंजीयन आवेदन पत्र भरने एवं शुल्क जमा करने हेतु अवधि विस्तार के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा विज्ञप्ति संख्या पी०आर० 77/2026 के क्रम में सूचित किया जाता है कि सत्र 2025–27 में नामांकित विद्यार्थियों का ऑनलाइन पंजीयन आवेदन पत्र भरने एवं शुल्क जमा करने की **तिथि 11.04.2026 से 17.04.2026 तक** निर्धारित की गई थी, परन्तु अभी भी अनेक संस्थानों के कतिपय नामांकित विद्यार्थियों के सत्र 2025–27 का पंजीयन आवेदन पत्र/शुल्क समिति के पोर्टल के माध्यम से नहीं भरा गया है। यह ज्ञातव्य हो कि पंजीयन आवेदन भरे जाने के पश्चात् शीघ्र ही अन्य प्रक्रियात्मक कार्रवाई करते हुए पंजीकृत विद्यार्थियों का परीक्षा आवेदन पत्र शीघ्र ही भराया जाना है; ताकि ससमय परीक्षा आयोजन एवं परीक्षाफल प्रकाशन का कार्य सुनिश्चित किया जा सके।

2. उक्त के आलोक में छात्र हित में समिति के पोर्टल **https://deled.biharboardonline.org** के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन आवेदन पत्र भरने एवं शुल्क जमा करने की अवधि **दिनांक 21.04.2026** तक विस्तारित की जाती है। सभी शिक्षण संस्थान के प्रधान को यह निदेश दिया जाता है कि विस्तारित अवधि में शेष पात्र विद्यार्थियों का ससमय पंजीयन आवेदन/शुल्क जमा किए जाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

3. इस विस्तारित अवधि में जिन विद्यार्थियों का पंजीयन आवेदन/शुल्क जमा नहीं होगा उन्हें पंजीयन प्रमाण पत्र निर्गत नहीं किया जाएगा और ऐसे विद्यार्थी परीक्षा आवेदन पत्र भरने के पात्र नहीं होंगे। ऐसा होने पर यदि किसी भी प्रकार की प्रतिकूल स्थिति उत्पन्न होती है तो इसकी संपूर्ण जवाबदेही संबंधित विद्यार्थी/संस्थान के प्राचार्य की होगी।

4. विज्ञप्ति संख्या **पी०आर० 77/2026** के द्वारा दिए गए अन्य निदेश यथावत् रहेंगे।

17/4/26

परीक्षा नियंत्रक (विविध),
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति।

ज्ञापांक : के०वि०–II/..190.../2026 पटना, दिनांक : ..17../..04../2026

प्रतिलिपि :
1. जन सम्पर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ एवं दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ प्रेषित।
2. Project Manager, Antier Solutions Pvt. Ltd. को सूचनार्थ एवं अनुरोध है कि निर्धारित समय के अनुसार उपर्युक्त कार्यों को सम्पन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था करने का कष्ट करें।
3. सभी उप सचिव, क्षेत्रीय कार्यालय, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ प्रेषित।
4. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
5. शाखा प्रबंधक, HDFC Bank Limited, मौर्यालोक शाखा, संतोषा कॉम्प्लेक्स, ग्राउंड फ्लोर, शॉप नं०– 2A तथा 2B मौर्यालोक, पटना–1 शाखा एवं Indian Bank, बुद्ध मार्ग शाखा, बिहार स्टेट टेक्स्ट बुक पब्लिशिंग कॉरपोरेशन परिसर, पटना–1 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
6. डी०डी०आई०टी० (विविध) को सूचनार्थ प्रेषित करते हुए अनुरोध है कि सभी संबंधितों को अवगत कराने हेतु, इसे समिति के **B.S.E.B. Mobile App** पर डाल दिया जाए।
7. वित्त पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
8. अध्यक्ष एवं सचिव के आप्त सचिव, विशेष कार्य पदाधिकारी, निदेशक (आई०टी०) तथा परीक्षा नियंत्रक (मा०) को सूचनार्थ प्रेषित।

17/4/26

परीक्षा नियंत्रक (विविध),
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति।